सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-03
01/01/2018

मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के बिहार डायरी एवं कैलेण्डर 2018 का किया लोकार्पण

पटना, 01 जनवरी 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग में बिहार सरकार के सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बिहार डायरी 2018 एवं कैलेण्डर 2018 का लोकार्पण कर राज्य की जनता को समर्पित किया।

इस बार की डायरी की खास बात यह है कि प्रतिबंधित एवं सार्वजनिक अवकाशों की सूची को लाल एवं हरे रंग से चिह्नित किया गया है। इसी प्रकार इस वर्ष के कैलेण्डर को भी नये रूप में प्रस्तुत किया गया है। कैलेण्डर में प्रत्येक माह के मुख्य कार्यक्रमों को अलग–अलग पृष्ठों में रेखांकित किया गया है, जैसे– जनवरी में बाल विवाह एवं दहेज प्रथा उन्मूलन अभियान, फरवरी में सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र, मार्च में चम्पारण सत्याग्रह शताब्दी, अप्रैल में वीर कुँवर सिंह का 160वां विजयोत्सव, मई में महिला सशक्तिकरण, जून में ईद, जुलाई में आपदा प्रबंधन, अगस्त में श्रावणी मेला, सितम्बर में बिहार संग्रहालय, अक्टूबर में दुर्गा पूर्जा, नवम्बर में छठ पूजा एवं दिसम्बर में कृषि रोड मैप का थीम शामिल किया गया है।

बिहार डायरी एवं कैलेण्डर के लोकार्पण के अवसर पर अध्यक्ष बिहार विधानसभा श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा एवं निदेशक सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग श्री अनुपम कुमार उपस्थित थे।

******